a2zpapers.com

Exam. Code : 216302
Subject Code : 5820

M.A. Hindi 2nd Semester
ADHUNIK HINDI KAVYA
Paper—VI

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

निर्देश :— दो खण्डों में विभाजित इस प्रश्न-पत्र के निर्देशानुसार उत्तर दीजिये।

खण्ड—एक

नोट :— यह खण्ड दो उपखण्डों में विभाजित है। निर्देशानुसार उत्तर दीजिये।

उपखण्ड—क

नोट :— निम्नलिखित किन्हीं **चार** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिये। प्रत्येक व्याख्या 6 अंकों की है।

1. बावरे अहेरी रे
कुछ भी अवध्य नहीं तुझे, सब आखेट है :
एक बस मेरे मन-विवर में दुबकी कलौंस को
दुबकी ही छोड़कर क्या तू चला जायगा ?

2. द्वीप हैं हम/यही नहीं है शाप/यह अपनी नियति है/
हम नदी के पुत्र हैं/बैठे नदी के क्रोड़ में/
वह बृहद भूखण्ड से हम को मिलाती है/
और वह भूखण्ड अपना पितर है।

3. अनखोजी निज-समृद्धि का वह परम-उत्कर्ष,
परम अभिव्यक्ति
मैं उसका शिष्य हूँ
वह मेरी गुरु है,
गुरु है !!

a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
We provide GNDU question papers, PTU question papers, PU question papers,

a2zpapers.com

4. ओ मेरे आदर्शवादी मन,
ओ मेरे सिद्धान्तवादी मन,
अब तक क्या किया ?
जीवन क्या जिया।।
5. घर लौटकर/मैंने सारी बत्तियां दीं/
पुरानी तसवीरों को दीवार से/उतारकर/उन्हें साफ किया/
और फिर उन्हें दीवार पर (उसी जगह)/टाँग दिया।
6. चन्द चालाक लोगों ने-/(जिनकी नरभक्षी जीभ ने/
पसीने का स्वाद चख लिया है)/बहस के लिये
भूख की जगह/भाषा को रख दिया है।

उपखण्ड—ख

नोट :— निम्नलिखित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है।

1. श्री नरेश मेहता के कृतित्व पर सामान्य नोट लिखिये।
2. भारत भूषण अग्रवाल का सामान्य परिचय दीजिये।
3. असाध्य वीणा के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिये।
4. मुक्तिबोध प्रतिबद्ध कवि हैं। विचार कीजिये।
5. धूमिल की काव्य-भाषा पर विचार कीजिये।
6. अज्ञेय की कविता के शिल्प-सौंदर्य पर नोट लिखिये।

खण्ड—दो

नोट :— निम्नलिखित किन्हीं दो विस्तृत प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

1. अज्ञेय के काव्य की साहित्यिक विशेषताओं का सोदाहरण वर्णन कीजिये।
2. 'फैंटेसी का कवि मुक्तिबोध' विषय पर विवेचनात्मक विचार कीजिये।
3. मानव-मूल्यों के संदर्भ में धूमिल की कविता पर विचार कीजिये।

a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
We provide GNDU question papers, PTU question papers, PU question papers